हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, रविवार, 31 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 16.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री



कडाके की ठंड ने घर में दुबकने को किया मजबूर 14



इंडस स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम की रही धूम 14









## खबर संक्षेप

### बुढ़ाखेड़ा से पंप की मोटर चोरी

**जुलाना।** जुलाना के क्षेत्र के बुढ़ाखेड़ा गांव से पंप की मोटर चोरी हो गई। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बुढ़ाखेड़ा गांव निवासी बलजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 28 दिसंबर की रात को उसके पंप की मोटर चोरी हो गई। जिसकी कीमत लगभग 20 हजार रुपये थी।

### संदिग्ध हालात में दो लड़कियां लापता

**जींद।** अलग-अलग स्थानों से महिला तथा युवती के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बंधक बनाने के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव झांज कलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 दिसंबर को उसकी 25 वर्षीय पत्नी संदिग्ध हालात में गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नहीं लगा।

### सट्टा खाईवाल करते चार काबू, 17 हजार बरामद

**जींद।** अलग-अलग स्थानों पर सट्टा खाईवाल करते चार लोगों को काबू कर कब्जे से 17740 हजार रुपये की नगदी तथा सट्टा पर्ची बरामद की है। पुलिस पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ ने गांव पिंडारा निवासी संदीप को विद्यापीठ मार्ग पर काबू कर कब्जे से की नगदी तथा सट्टा पर्ची बरामद की है। वहीं जुलाना थाना पुलिस ने रिंकू को देवरड़ रेलवे फाटक के निकट सट्टा काबू कर 2340 रुपये बरामद किए।

### एसडी स्कूल में कल से लगेगा बास्केटबाल कैंप

**जींद।** एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शीतकालीन अवकाश के दौरान 1 से 15 जनवरी तक बास्केटबॉल खेल का कैंप लगाया जाएगा। इसका संचालन विद्यालय के पूर्व कोच एसपी भटनागर करेंगे। मैनेजिंग कमेटी द्वारा प्रस्ताव पास किया गया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी छात्र, छात्राओं की रूचि अनुसार ध्यान दिया जाए।

### जाट स्कूल में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**जींद।** जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ वैदिक हवन के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि प्राचार्य सौरभ भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य सौरभ भारद्वाज ने स्वयंसेविकाओं को कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ, बेटी पढाओ व आत्मरक्षा के विषय में छात्र-छात्राओं को प्रेरणादायक संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की 50 छात्राओं ने कैंप में भाग लिया।

### सुभाष बने कमेटी के प्रदेश महासचिव

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के मजदूर नेता और वार्ड नौ के पार्षद सुभाष पांचाल को हरियाणा प्रदेश का असंगठित कामगार व कर्मचारी कमेटी का प्रदेश महासचिव बनाया गया है। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के प्रधान और सैन समाज के प्रधान ईश्वर ठाकुर को जिला महासचिव बनाया गया है। कमेटी के रा'य अध्यक्ष एडवोकेट तनवीर सिंह ने दोनों को नियुक्ति पत्र सौंपा। सुभाष पांचाल ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है।

### दूसरी बार बने अश्वनी सुदकैन हलकाध्यक्ष

**उचाना।** जजपा द्वारा निरंतर अलग-अलग प्रकोष्ठ के हलकाध्यक्षों की नियुक्ति की जा रही है। बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के हलकाध्यक्षों की जारी सूची में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के उचाना हलके में ये जिम्मेदारी सुदकैन कलां के अश्वनी सुदकैन कलां को सौंपी गई। राष्ट्रीयध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का आभार जताया।

### वर्तनी प्रतियोगिता में सहजदीप रही प्रथम

**जींद।** गत 13 दिसंबर को रेवाड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय वर्तनी प्रतियोगिता में आधारशिला पब्लिक स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा सहजदीप ने शानदार प्रदर्शन करते प्रथम स्थान पाया। निदेशिका अंजू सिहाग ने बताया कि किसी भी भाषा की ध्वनियों को सही ढंग से लिखने के लिए ही वर्तनी की एकरूपता स्थिर की जाती है।

---

### दिन भर नहीं हुए सूर्य देवता के दर्शन , तापमान 3 डिग्री लुढ़का

# कडाके की ठंड ने घर में दुबकने को किया मजबूर

## कल से स्कूलों में छुट्टियां, अभिभावकों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिछले एक सप्ताह से पड़ रही कडाके की ठंड ने अब लोगों को पूरी तरह से परेशान कर दिया है। शनिवार को पूरा दिन सूर्य देवता के दर्शन नही हुए और लोग घरों में ही दुबके रहे। जिसके चलते तापमान में भी तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। शनिवार को अधिकतम तापमान 16 डिग्री तो न्यूनतम तापमान सात डिग्री रहा। हवा की गति पांच किलोमीटर प्रति घंटा व आद्रता 78 प्रतिशत बनी रही। शीतलहर चलने के चलते लोग जगह-जगह अलाव जलाए हुए नजर आए। वहीं छोटे बच्चे भी घरों में ही दुबके रहे। अभिभावकों ने उनके भी बाहर निकलने पर साफ मनाही की। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों में बर्फबारी के चलते उत्तर पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। जिससे ठंड ज्यादा बढ़ गई है। शनिवार को पूरे दिन सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। जिसने ठंड को और 'यादा बढा दिया। पटियाला चौक निवासी सुभाष, वासदेव, विक्की, विनोद ने बताया कि मकर संक्राति के बाद सर्दी का समाप्त होना माना जाता है। परंतु पिछले कई दिनों शीत लहर ने सर्दी के सारे रिकार्ड तोड़ कर रख दिए हैं। वहीं बाजारों में भी रौनक न के बराबर रही। शाम होते-होते बाजार में पूरी तरह से सन्नाटा पसर गया। दुकानदार सारा दिन अपनी दुकानों पर ग्राहकों का इंतजार करते नजर आए, लेकिन ठंड व बरसात के चलते बाजार पूरी तरह से सुनसान दिखाई दिए।

धुंध के चलते रेलवे यातायात भी बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। लोग तय समय के अनुसार रेलगाड़ी पकड़ने के लिए रेलवे जंक्शन पर पहुंच जाते हैं लेकिन उन्हें यहां एक से डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ता है। शनिवार को ठंड के बीच अभिभावकों ने अपने बच्चों को स्कूलों में भेजा। वर्ष 2023 का यह शैक्षणिक गतिविधि का अंतिम दिन रहा। रविवार को स्कूलों की छुट्टी होती है। एक जनवरी से आगामी 12 जनवरी तक सरकार द्वारा ठंड को देखते हुए छुट्टियां कर दी गई हैं। ऐसे में अभिभावकों ने भी राहत की सांस ली है। ठंड के बीच छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जा रहे थे। जिसके चलते उनके बीमार होने का खतरा लगातार बना था। अब सर्दियों की छुट्टियां शुरू होने से अभिभावकों ने राहत की सांस ली है।



जींद। खेत में खिली फसल। फोटो :हरिभूमि

#### खरपतवार नियंत्रण पर जोर दें किसान

पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि ओस की बूंदों से भी फसलों को फायदा मिल रहा है। यदि बारिश हो जाती है तो यह फसलों के लिए सोने पर सुहागा साबित होगी। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि यदि मौसम खुलता है तो वे खरपतवार नियंत्रण पर जोर दे तथा खाद डालें। किसान शाम को फसलों की सिंचाई करें।

---

## इंडस स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम की रही धूम

- बच्चों को हर गतिविधि में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यक्रम के दौरान नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

इंडस पब्लिक स्कूल में तीसरी कक्षा के बच्चों ने विंटर एक्ट्रावैगंजा विषय पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मुख्यअतिथि के रूप में जाट धर्मार्थ सभा के अध्यक्ष देवव्रत ढांडा ने शिरकत की जबकि अनमोल, डा. सचिन और राज सैनी कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि रहे। इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण, निदेशिका रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा, उप प्राचार्य प्रवीन, मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने मुख्यअतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में तीसरी कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

तीसरी कक्षा के बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया। कार्यक्रम में स्वागत नृत्य, सर्दी वाले दिन, हम हिंद के वीर सिपाही, लोहड़ी, मकर संक्रांति दुख में ही सुख है नृत्य, नौजवानों भारत की तकदीर, जो बोले सौ निहाल, मंदिर यही बनाएंगे, हैप्पी न्यू ईयर आदि कार्यक्रमों की धूम रही। जिसमें लोहड़ी-मकर सक्रांति के कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे।

## नागरिक अस्पताल में उपचार की व्यवस्था पटरी पर लौटी

- हडताल समाप्त कर चिकित्सकों ने ओपीडी की शुरू, लोगों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सक हड़ताल के बाद शनिवार को काम पर लौटे। जिसके चलते स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था फिर से पटरी पर लौट आई। शुक्रवार को चिकित्सकों की हडताल के चलते जहां ओपीडी 805 हुई थी शनिवार को ओपीडी 997 तक पहुंची। सुबह अस्पताल खुलने के साथ ही लोग अस्पताल पहुंचना शुरू हो गए और उपचार के लिए चिकित्सकों के कमरों के आगे लाइनें लगा ली। चिकित्सकों द्वारा उपचार किए जाने पर लोगों ने भी राहत की सांस ली है। हरियाणा सिविल मेडिकल एसो के आह्वान पर चिकित्सकों ने मांगों को लेकर पहले बुधवार को हडताल की थी। इस दौरान इमरजेंसी व पोस्टमार्टम जैसी गंभीर सेवाओं को जारी रखा था। वहीं शुक्रवार को दूसरी बार चिकित्सक हडताल पर चले गए। इस दौरान दावा किया कि सरकारी चिकित्सक न तो पोस्टमार्टम करेंगे और न ही इमरजेंसी को देखेंगे। जिसके चलते सीएमओ डा. गोपाल गोयल व पीएमओ डा. जितेंद्र कादियान ने स्वयं उपचार की कमान संभाली और रात तक इमरजेंसी सेवाओं का जायजा लेते रहे।

### आज उचाना की कपास मंडी से हुंकार भरेंगी इनेलो

**उचाना।** साल के अंतिम दिन उचाना की कपास मंडी से इनेलो हुंकार भरेंगी। यहां पर इनेलो ने प्रदेशस्तरीय महिला आक्रोश सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कपास मंडी में होने वाले सम्मेलन को लेकर इनेलो के हरे रंग में रंगा उचाना नजर आ रहा है। मुख्य वक्ता के तौर पर इनेलो प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला पहुंचेंगे। प्रदेश स्तरीय महिला सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए इनेलो महिला विंग प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला पहुंची। यहां पर महिलाओं के सभा स्थल में बैठने से लेकर अन्य सभी तैयारियों का जायजा लिया। सम्मेलन में आने वाली महिलाओं के बैठने के लिए पंडाल में कुर्सी लगाई है। आयोजकों को महिलाओं की संख्या कार्यक्रम में अधिक होने के चलते पंडाल में कुर्सी लगाने के बाद अतिरिक्त कुर्सी भी मंगवाई गई है। सम्मेलन को लेकर खुद पूरे प्रदेश में सुनैना चौटाला ने जिलास्तार पर मीटिंग ली है। सुनैना चौटाला के दावे के अनुसार जो पंडाल है वो महिलाओं की भागदारी के चलते छोटा पड़ जाएगा। यहां पर दो एलईडी भी लगाई जाएगी ताकि अंत में बैठी महिलाएं पूरे सम्मेलन को देख सकें।

---

## 270 विद्यार्थियों को बांटी जर्सी

- सुदकैन कलां में खिलाड़ियों के वितरण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। सुदकैन कलां स्कूल में बांटी जरूतमंद विद्यार्थियों को जर्सी।

राजकीय उच्च विद्यालय सुदकैन कलां में जरूरतमंद विद्यार्थियों, खिलाड़ियों के जर्सी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्षता मुख्याध्यापक दलबीर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में समिति के वरिष्ठ सदस्य सुरेश नैन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्नल अशोक श्योकंद पहुंचे। समिति के प्रधान कृष्ण श्योकंद ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से 270 जरूरतमंद विद्यार्थियों को सर्दी का मौसम देखते जर्सी वितरित की। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र एसोसिएशन, सीआईएसपी एवं हरियाणा सेवा ट्रस्ट के सदस्य शामिल रहे। समिति चैयरमैन प्रदीप मोर ने कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद के लिए सेवा समिति हमेशा तैयार रहेगी। समिति अब तक 1800 विद्यार्थियों को मैडिकल कैंप लगाकर चश्में वितरित कर चुकी है। 3500 विद्यार्थियों को जर्सी बांटी गई है। चार गांवों मे लाइब्रेरी में पुस्तक उपलब्ध करवाई गई। जो युवा पढ़ाई में अव्वल है परंतु साधनों की कमी से आगे नहीं बढ सकते उन युवाओं को भी आर्थिक सहायता देकर मदद की जाती हैं। कर्नल अशोक श्योकंद ने भी छात्रों के साथ अपने अनुभव शेयर किए। इस अवसर पर ईश्वर श्योकंद, पूर्व सरपंच नरेंद्र, सरपंच अशोक आदि मौजूद रहे।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया

**जींद।** गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में शनिवार को संस्कृति बोध परियोजना के तहत छात्रों के लिए संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा चौथी से 12वीं कक्षा तक के छात्रों ने परीक्षा दी। छात्रों के भविष्य निर्माण की दृष्टि से इस परीक्षा का आयोजन विद्या भारती हरियाणा के उत्कृष्ट दृष्टिकोण का सबसे बड़ा उदाहरण है। परीक्षा की तैयारी नित्यप्रति वंदना सत्र के बाद छात्रों की दिनचर्या को आरंभ करने के साथ की जाती है। संस्कृति ज्ञान परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों का महत्व आईएएस जैसी परिक्षाओं से कम नहीं है। विद्यालय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रमुख मुकेश ने कहा कि छात्रों का जीवन संस्कारमय बना रहे, ऐसी आशा के साथ प्रतिवर्ष विद्या भारती संबद्ध विद्यालयों में इस परीक्षा का आयोजन करवाती है। संस्कृति बोध परियोजना का उद्देश्य विभिन्न विधाओं में छात्रों को निपुणता प्रदान करना होता है। इसलिए संस्कृति ज्ञान परीक्षा सभी विषयों का आधार मानी जाती है। प्राचार्य बलबीर ने कहा कि विद्या भारती सदैव हर तरह से छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए चिंतनशील रहती है।

## नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

- गांव ईगराह के आरबीएम स्कूल में जागरूकता कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। नशे के खिलाफ शपथ लेते हुए युवा। फोटो :हरिभूमि

युवा विकास समिति द्वारा गांव ईगराह के आरबीएम स्कूल में बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि नशे के खिलाफ छेड़े गए अभियान में छात्र और युवा पीढ़ी योगदान दे सकते हैं। अपने आसपास बिक रहे नशे की सूचना पुलिस को दें और अन्य लोगों को भी जागरूक करें ताकि हमारा देश नशे से मुक्त हो सकें। सचिव विनोद शर्मा ने कहा कि हर युवा को नशे से दूर रहना चाहिए नशा शरीर को खोखला कर देता है। हमारे देश का उ'जवल भविष्य युवाओं पर टिका होता है। अगर देश की युवा पीढ़ी ही गलत रास्ते पर जाने लगे तो निश्चित ही उनका भविष्य अंधकार में चला जाता है। व्यक्ति के सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन को नशे से बहुत 'यादा नुकसान पहुंचता है। इसलिए नशे से युवा को दूर रहना चाहिए। इस मौके पर विनोद शर्मा, रणबीर, सुधीर, संदीप, महिपाल कौशिक, अजमेर सिंह आदि मौजूद रहे।

---



जींद। लोगों की समस्याएं सुनते कांग्रेस नेता रघुवीर भारद्वाज। फोटो :हरिभूमि

### जनता परेशान, सत्ताधारी खेल रहे कमीशन का खेल : भारद्वाज

**जींद।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रघवीर भारद्वाज ने कहा कि जहां किसान, कमेरा, मजदूर, व्यापारी और दुकानदार आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएं उसकेसाफ तौर पर मायने निकलते है कि वहा की सल्तनत को संभालने वाले नकारा हो चुके हैं। आज जींद ही नहीं पूरे हरियाणा के लोग गठबंधन सरकार से परेशाान चल रहे है। प्रोपर्ट्री आईडी, परिवार पहचान पत्रों में सरकार ने जिंदगी को उलझा कर रख दिया है। सत्ताधारी, कमीशन-कमीशन का खेल खेलने में मशगूल हैं और जनता परेशानी के आंसू निकाल रही है। कांग्रेस नेता रघवीर भारद्वाज अपराही मोहल्ला में स्थानीय लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान लोगों ने सीवरेज, गलियों की समस्या, प्रोपर्ट्री आईडी की आड़ में चल रहे भ्रष्टाचार के खेल को लेकर अपना दुखड़ा सुनाया। इस मौके पर प्रधान धर्मपाल, आनंद कुमार, चांद, प्रेम प्रकाश, ईश्वर, राजकुमार आदि मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने इस दौरान कांग्रेस नेता रघवीर भारद्वाज का फूलों की मालाओं से स्वागत किया। भारद्वाज ने कहा कि जन हितो से जुड़े मसलो को लेकर सत्ताधारी गूंगे और बहरे हो चुके हैं। सत्तासीनों को लोगों की परेशानियों से कोई मतलब नहीं है। यही कारण है कि हर वर्ग आंदोलनरत नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि सत्ताधारियों की नकारा सोच के कारण जींद के व्यापारी और दुकानदार आंदोलन करने पर मजबूर हैं।

## जींद को औद्योगिक क्षेत्र बनाया जाए

- नव वर्ष में जींद में विकास के नए आयाम स्थापित होगें : शिव नारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। ज्ञापन को लेकर न्योता देते शिवनारायण शर्मा। फोटो :हरिभूमि

मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन द्वारा रामनगर में नीलम जांगडा के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिवनारायण शर्मा ने यहां मौजूद लोगों से कहा कि नए वर्ष पर विकसित जींद की नींव रखी जाएगी। यह चेतना जन-जन में पैदा हो चुकी है। नए जज्बे से तीन जनवरी को संगठन के सभी लोग पुरानी अनाज मंडी में इकट्ठे होने के बाद डीसी को ज्ञापन सौंपेंगे। संगठन का एक मुख्य उद्देश्य जिला जींद का विकास है। उन्होने कहा कि पूरे जींद के निवासी जाग चुके हैं और यहां के नौजवान नए साल में नए सिरे से एक नई शुरूआत करेंगे। संगठन के मुख्य उद्देश्यों में पहला उद्देश्य जिला जींद को औद्योगिक क्षेत्र बनवाना है। जिससे यहां के नौजवानों को रोजगार मिल सके। दूसरा उद्देश्य जिला जींद में रानी तालाब, पुराना बस स्टैंड, अर्जुन स्टेडियम को मिला कर पर्यटन स्थल बनवाना है। जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा व सरकार को टैक्स मिलेगा। तीसरा उद्देश्य हांसी रोड स्थित बीड में उचित प्रकार से जू (वन) बनवाना है। जिससे लोगों को रोजगार मिले व जिला जींद एक पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित हो। संगठन की युवा अध्यक्ष वृंदा शर्मा, षिराम नंबरदार, अर्जुन सैनी, सुभाष , कृष्ण रेढ़ू, राममेहर नबंरदार, दीपक, सुनीता गोयत मौजूद रहे।



जींद। लोगों को जागरूक करते सेव संस्था के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### सेव संस्था ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसायटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन एनवायरनमैंट श्सेवश् ने शनिवार दोपहर बाद जींद के शिव चौक, पंजाबी बाजार, तांगा चौक, मेन बाजार, हनुमान गली एवं न्यू मार्केट एरिया में स्वच्छता अभियान और जागरूकता अभियान चलाया। सेव संस्था द्वारा चलाए गए 362वें अभियान में संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में संस्था सदस्यों ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। संस्था के सदस्यों ने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि सभी ने स्वच्छता का महत्व समझना होगा। स्वच्छता रखना मुश्किल नहीं है, बस हम इसकी तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। जब हम ध्यान देना शुरू करेंगे, स्वच्छता रहनी शुरू हो जाएगी। हम सभी ने यह संकल्प करना चाहिए कि मैं अपने हाथ से जमीन पर किसी भी प्रकार का कूड़ा नहीं फेंकूंगा। मैं हर प्रकार का कूड़ा डस्टबीन में ही डालुंगा। सभी लोगों ने अपना सहयोग इस मुहिम में देना चाहिए। तभी स्वच्छता संभव है। अशोक गुलाटी, सुरेंद्र सिंह, बलवंत कथूरिया, अजमेर चौहान, सुभाष नैन, सुल्तान सिंह आर्य, बलबीर सिंह श्योकंद, रोहताश गुप्ता, बलबीर सिंह, सुजान सिंह पूनिया, जोरा सिंह रेढू, हरबीर सिंह, संजय सैनी मौजूद रहे।

---

### एसपी मेमोरियल स्कूल में 2024 समारोह का आगाज

# विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

एसपी मेमोरियल स्कूल में नव वर्ष 2024 के उपलक्ष में आगाज 2024 समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी सुंदर-सुंदर मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर मुख्यअतिथि विद्यालय के अध्यक्ष बीएस गर्ग रहे व समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल रूप कमल गर्ग ने की। समारोह में सबसे पहले मुख्य अतिथि बीएस गर्ग ने सरस्वती के सामने दीप प्र'जवलित किया। नौवीं कक्षा की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, आओ मिलकर बनाए अपना प्यारा हिंदुस्तान पर और छठी कक्षा की छात्राओं ने नव वर्ष पर एक गीत नव वर्ष की सभी को मंगल शुभकामनाएं, पर प्रस्तुति की। जहां एक ओर एलकेजी कक्षा के नन्हे मुन्ने बच्चों ने चक धूम धूम, चक धूम धूम गाने पर अपनी बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। वहीं यूकेजी कक्षा के सभी बच्चों ने टुकुर-टुकुर गाने पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। दसवीं कक्षा के बच्चों ने नव वर्ष 2023 की विदाई पर प्रकाश डाला और वर्ष 2024 का स्वागत करते हुए कहा कि हम नव वर्ष 2024 में शिक्षा के क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान हासिल करेंगे व विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। समरोह में कोऑर्डिनेटर शिखा, वर्षा एवं पूजा ने अपनी बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मीनाक्षी ने भी सभी को नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विद्यालय की प्रिंसिपल रूपकमल ने बोलते हुए कहा कि हमें बीते वर्ष 2023 का आंकलन करना चाहिए कि हम अपने लक्ष्य में कितने सफल रहे, हमारी कितनी और क्या कमियां रही, उनका आंकलन करके नववर्ष में उन्हें दूर करें ताकि आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।

#### जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें

समरोह में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रथम रहने वाले व मैट्रिक प्राप्त करने वाले 10वीं एवं 12वीं कक्षा के बच्चों को सर्टिफिकेट एवं मेडल्स देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए बीएस गर्ग ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपके अंदर एक ज'बा होना चहिए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। आप अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें उसके लिए सार्थक प्रयास करें।



जींद। प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### ड्राइंग कंपीटिशन में डीएन मॉडल स्कूल अव्वल

**जींद।** ऑल इंडिया ड्राइंग कंपीटिशन में डीएन माडॅल स्कूल का प्रदर्शन शानदार रहा। युवा मास्टर स्ट्रोक द्वारा आयोजित ऑल इंडिया ड्राइंग कंपीटिशीन में तीन ग्रुरप शामिल हुए। तीनों ही ग्रुप में बच्चों का प्रदर्शन शानदार रहा। ग्रुप ए में तीसरी कक्षा की छात्राएं दिप्ती और समीक्षा ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं ग्रुप बी में कक्षा छठी के छात्रों तन्मय, हर्ष व हिमांशु ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रुप सी में शामिल नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों भावना व प्राची ने पहला, रोक्सी, शुभम ने दूसरा व जय ने तीसरा स्थान प्राप्त करके सफलता हासिल की। विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन के लिए शनिवार को विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक वीरेंद्र ढिल्लो ने बच्चों को पुरस्कृत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### चाकू से हमला कर जान से मारने की दी धमकी

**कैथल।** गांव बरसाना में एक आरोपी ने एक युवक पर चाकू से हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी राजेंद्र ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि 28 दिसंबर को रात करीब आठ बजे आरोपी अमित ने चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। साथ ही उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### लोन दिलाने के नाम पर ठगे 1.80 लाख

**कैथल।** लोन दिलाने के नाम पर दो आरोपियों ने एक युवक से एक लाख 80 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। प्यौदा रोड कैथल निवासी विनोद कुमार ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि गांव तितरम निवासी जीतू की सितंबर माह में उसके साथ जान-पहचान थी। जीतू ने कहा कि वह सरकारी लोन दिलवाने का काम करता है।

### नये वर्ष पर पूर्व सैनिक मनाएंगे काला दिवस

**कैथल।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल की एक मीटिंग जय हिंद मंच के कार्यालय में हुई। यहां पर मीटिंग में सभी उपस्थित सदस्यों ने फैसला लिया की जंतर मंतर से आई कॉल के अनुसार वन रैंक वन पेंशन की विसगतियो बारे रेल रोको आंदोलन के साथ में काला दिवस मनाया जा रहा है। एसोसिएशन प्रधान ने बताया की 1 जनवरी हनुमान वाटिका नया बस अड्डा कैथल में पूर्व सैनिक, वीरांगनाएं ,सैनिकों की विधवाएं , डिसएबल साथी सभी हजारों की संख्या में हनुमान वाटिका के अंदर बैठकर काला दिवस मनाएंगे।

### मां ज्वाला जी इंटरनेशनल फाउंडेशन ने लगाया भंडारा

**गुहला-चीका।** ज्वालामुखी में मां ज्वाला जी इंटरनैशनल फाउन्डेशन ट्रस्ट द्वारा तीन दिवसीय विशाल भंडारा अम्बा होटल के प्रांगण मे जारी है। ट्रस्ट के प्रधान मुकेश जैन ने बताया कि मां ज्वाला जी इंटरनैशनल फाउंडेशन ट्रस्ट चीका मंडी हरियाणा द्वारा लगाए गए तीन दिवसीय विशाल भंडारे मे प्रथम दिन काफी संख्या मे पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### नंबरदार एसोसिएशन की मीटिंग 1 जनवरी को

**गुहला-चीका ।** नंबरदार एसोसिएशन की मीटिंग 1 जनवरी को भवानी मंदिर चीका में बुलाई गई है, जिसकी अध्यक्षता संगठन के प्रधान अधिवक्ता जीवन सिंह नैन करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए संगठन के प्रवक्ता गुरमेल सिंह बदसुई ने बताया कि मीटिंग में कहीं महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

### सेरहदा के स्कूल में बांटे जूते तथा वर्दियां

**राजौंद।** होगे कामयाब शिक्षा क्लब सेरहदा की तरफ से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेरहदा की कक्षा छठी से आठवीं की छात्राओं को जर्सी व जूते वितरित किए गए। इस दौरान अशोक सेरहदा ने बताया कि कल्ब द्वारा समय समय पर ऐसे सामाजिक कार्यों का आयोजन किया जाता है।

## संकल्प यात्रा का गांव नैना और मालखेड़ी में हुआ आयोजन

# मुख्यमंत्री प्रदेश में युवाओं को योग्यता के आधार पर दे रहे हैं नौकरियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

विधायक लीला राम ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन करके युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां दे रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एक सुत्र में पिरोते हुए देश को खुशहाल बनाने का काम किया है।

विधायक लीला राम रविवार को गांव नैना और मालखेड़ी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। विधायक ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और मौके पर मौजूद ग्रामीणों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों में आ रही जागरूकता वैन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी की गाड़ी है। इस वैन के माध्यम से लोगों को यह स्पष्ट संदेश है कि सरकार अंत्योदय की भावना से जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। सरकार का मकसद पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देना है। केंद्र व प्रदेश सरकार पारदर्शिता के साथ योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देकर एक मिसाल कायम की है जिसके कारण आज प्रदेश का गरीब एवं उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त युवा रोजगार प्राप्त कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।



**कैथल।** विधायक लीला राम जन संवाद कार्यक्रम के विजेताओं को सम्मानित करते हुए




**कैथल।** गांव खेड़ी गुलाम अली में एससी आयोग के सदस्य रवि तारावांली छात्राओं को सम्मानित करते हुए

### सरकार योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचा रही

सरकार अपनी सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ सभी जरूरतमंदों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, ताकि कोई भी गरीब विकास की इस यात्रा में सहभागी बनने से वंचित न रह जाए। इस यात्रा के माध्यम से सरकार अपने सभी अग्रणी कार्यक्रमों का लाभ देश के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि केवल औद्योगिक विकास से ही देश खुशहाल नहीं हो सकता। गरीबों और वंचितों को भी विकास की दौड़ में सहभागी बनाना होगा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब गरीब और वंचित भी विकास की मुख्यधारा में शामिल होंगे। इस मौके पर रामकुमार नैन, नरेश मित्तल, सीमा, देवी, तरसेम भारद्वाज, रोशन लाल, टेक चंद, श्याम लाल, मनोज शर्मा, मंगु राम, भीम सिंह, सुरेश शर्मा, बलजीत सिंह, ओम नारायण शर्मा, संजय भारद्वाज, राजेंद्र सिंह आदि रहे।

### गांव गोहरां और खेड़ी गुलाम अली में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

**सीवना।** गांव गोहरां और खेड़ी गुलाम अली में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इन कार्यक्रमों के दौरान गांव गोहरा में जिला परिषद की डिप्टी सीईओ कंचन लता और गांव खेड़ी गुलाम अली में एससी आयोग के सदस्य रवि तारावांली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। संकल्प यात्रा के दौरान एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया तथा उन्होंने यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और मौके पर पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिया। जिला परिषद की डिप्टी सीईओ कंचन लता और रवि तारावाली ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में गरीब लोग अपने घर द्वार पर ही योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। सभी विभाग अपनी-अपनी योजनाओं की पूर्ण जानकारी ग्रामीणों को मौके पर दे रहे हैं। पात्र व्यक्तियों को सीधा लाभ कार्यक्रम में दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, ड्रोन के प्रयोग से नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र आदि बारे पूर्ण जानकारी दी जा रही है।



**कैथल।** ाहिल बालू को सम्मानित करते समाज के लोग

## साहिल बने सरपंच एसो. कलायत ब्लॉक के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

सरपंच एसोसियेसन कलायत ब्लॉक की मीटिंग हुई। इसमे एसोसियेसन का कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत सर्वसम्मती से दुबारा से सरपंच प्रतिनिधि साहिल बालू को प्रधान गया। जगदीश कलासर को उपप्रधान रामचंद्र शिमला, महासचिव सतवीर, नरेंद्र जुलानीखेड़ा प्रवक्ता चुना गया। साहिल बालू ने कहा कि वे सभी सरपंचों को साथ लेकर चलेंगे। सरपंचों के हक को लेकर वे हर कुर्बानी देने को तैयार रहेंगे। सभी सरपंचों को एकजुट करते हुए सरकार से अपना हक हासिल करेंगे।

## वंश रोजडा ने वॉलीबॉल में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

एएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूंडरी के 8वीं कक्षा के छात्र वंश रोजडा ने 14 आयु वर्ग के वॉलीबॉल खेल में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान और 9वीं कक्षा की छात्रा ने 17 आयु वर्ग में वॉलीबॉल टीम में बेहतर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्रों ने जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्राचार्या और प्रबंधन समिति ने दोनों बच्चों के अभिभावकों व छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रबंधक कमेटी प्रधान सुदेश बंसल व को षा ध्य क्ष विवेक बंसल ने कहा कि इन बच्चों से अन्य बच्चों को प्रेरणा लेनी चाहिए और निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन समिति बच्चों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उचित वातावरण उपलब्ध करवाती है। इस मौके पर स्कूल स्टाफ भी मौजूद था।



**कैथल।** प्रतियोगिता में विजेता रहने वाले छात्र वंश।

## देवबन में हुआ नशा जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला वासियों को नशा जागरूकता मुहिम चलाकर लगातार नशा ना करने बारे जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत शनिवार को गांव देवबन में नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस कर्मचारियों के अलावा ग्रामिणों द्वारा भाग लिया गया। बता दें पिछले दिनो से कैथल जिले में डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर व एचसी सुनील कुमार की टीम लगातार जिला वासियों को नशा ना करने बारे जागरूक कर रही है। ग्रामीणों द्वारा एसपी उपासना का स्वागत किया गया। इस दौरान एसपी उपासना ने कहा कि पुलिस प्रशासन कैथल जिले को नशा मुक्त करने की मुहीम तहत नशा जागरूकता टीम निरंतर रुप से गांव गांव जाकर आमजन को नशा के दुषरिणामों बारे अवगत करवाते हुए नशा ना करने बारे जागरूक कर रही है।



**कैथल।** एसपी उपासना खेडी देवबन में अव्वल रहे युवा व महिलाओं को सम्मानित करते हुए

### नववर्ष के उपलक्ष्य में हुए रंगारंग कार्यक्रम

**राजौंद।** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली में नववर्ष के उपलक्ष में रंगारंग कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़कर भाग लिया। बच्चों ने अनेक कार्यक्त्रम जैसे डांस नाटक व हरियाणवी नृत्य आदि किए। बच्चों की प्रस्तुति इतनी सुंदर थी की देखने वाला हर कोई ताली बजा रहा था। इस मौके पर प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा बच्चों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों को पुराने साल की बुराइयों को त्यागते हुए नए साल की अच्छाइयां अपनाने को कहा। नए साल 2024 मनाने का हमारा मुख्य उद्देश्य यही है कि हमें एक नई सोच विकसित करनी है और हमेशा सही और नेक काम करने हैं जिससे कि हमें इज्जत, शोहरत और सम्मान तीनों ही प्राप्त होगा।

## आरपीएस में स्कॉलरशिप टेस्ट 31 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस स्कूल का भवन।

**स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर 150 बच्चों को आरपीएस पढ़ाएगा नि :शुल्क**

आरपीएस विद्यालय में 31 दिसंबर को आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के सभी 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहेंगे, विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा दे सकते हैं।

परीक्षा में कक्षा तीसरी से 11वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर सुपर-30 के लिए कक्षा नौवी व 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा, जिस आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी रविवार को सुबह 9:30 बजे तक पहुंचकर अपना पंजीकरण अवश्य करवा लें। परीक्षा देने के लिए आने वाले परीक्षार्थी अपने स्कूल का आई कार्ड व आधार कार्ड भी साथ लेकर आएं। आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन 31 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे होगा। इस परीक्षा के आधार पर 150 विद्यार्थियों का चयन आरपीएस ग्रुप करेगा जिन्हें विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी व रहने खाने की व्यवस्था भी विद्यालय प्रबंधन की ओर से की जाएगी।

## ग्राम पंचायत देवबन को पॉलोथीन मुक्त करवाने का अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाई

शनिवार को पिलनी गांव की आशा वर्कर व ग्राम पंचायत के द्वारा गांव में घर- घर जाकर गांव को पोलोथीन मुक्त करवाने के बारे में जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने पोलोथीन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया कि यह कभी भी नही गलती। इसका उपयोग कम से कम करे। इससे जितना हो सके बचे। समान खरीद करते समय अपने साथ कपडे. का थैला साथ ले जाएं। उन्होंने बताया कि यदि किसी कारण वंश आपके पास पोलोथीन आ भी गई तो उसको इधर- उधर न फैके। उसको जला कर नष्ट कर दे। कुडा कर्कट व गलियों में इससे फैकने से भंयकर नुकसान झेलना पड़ता है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधी नरेन्द्र शमा, आशा वर्कर कविता, पंच शुक्न्य देवी, सरिता, आगनवाड़ी वर्कर नीलम, सीता, बबली, सहायक संतोष देवी आदि उपस्थित थी।



**कैथल।** आशा वर्कर कविता व अन्य गांव को पोलीथिन मुक्त अभियान बारे जागरूक करते हुए

## मुक्केबाज प्राची ने जीता गोल्ड

- प्राची धनखड़ ने 63 किलो भार वर्ग में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड

बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय कौल, कैथल के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने बताया कि हमारे कॉलेज परिवार के लिए अपार हर्ष की बात है कि मुक्केबाज प्राची धनखड बी.एस.सी. स्पोर्ट्स प्रथम वर्ष ने ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश में 20 से 27 दिसंबर, 2023 तक आयोजित 07वीं ईलाईट वुमन्स नैशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2023 में हरियाणा की टीम में भाग लेते हुए राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि प्राची धनखड़ ने 63 किलो भार वर्ग में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि निश्चित ही महाविद्यालय परिवार के लिए यह भी अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि प्राची धनखड़ पूर्व में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दर्जनों पदक जीत चुकी है। निस्संदेह प्राची बहुत ही मेहनती, अनुशासित और प्रतिभावान खिलाड़ी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी प्राची ने गोल्ड प्राप्त किया था। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने विजेता मुक्केबाज को साधुवाद एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस विशेष उपलब्धि पर प्रबंधन समिति के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह जी ने प्राची और उसके माता-पिता को समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से बधाई देते हुए उसके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।



**कैथल।** प्राची धनखड़ को विजयी घोषित करते पदाधिकारी



**कैथल।** जिला परिषद के चेयरमैन दीप मलिक जाखौली तारागढ़ में वाटर कूलर का शुभारंभ करते हुए

### गांवों में बहेगी विकास कार्यों की बहार: दीप मलिक जाखौली

**कैथल।** जिला परिषद के चेयरमैन दीप मलिक जाखौली ने कहा कि गठबंधन सरकार में गांवों में विकास कार्यों की बहार बह रही है। दीप मलिक शनिवार को तारागढ़ में वाटर कूलर का उद्घाटन कर रहे थे। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की स्वच्छ पेयजल की मांग को देखते हुए उन्होंने तुरंत प्रभाव से गांव में वाटर कूलर लगवाया। दीप मलिक ने ग्रामीणों की सामूहिक कामों के लिए उनके दरवाजे हर समय खुले हैं। ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर कभी भी उनको मिल सकते हैं। उनका भरसक प्रयास रहता है कि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधा के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े।

## वार्षिक एथलीट मीट में छात्रों ने बहाया पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

महाराणा प्रताप सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजौद में तीन दिवसीय वार्षिक एथलीट मीट का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने ग्रुप वाइज खेलों में भाग लिया। स्कूल की प्रिंसिपल बिंदु रानी ने बताया कि 100 मीटर लड़कों की रेस में परणीत, युवराज, इशांत ने प्रथम व 200 मीटर लड़कों की रेस में ललित, योना व 100 मी लड़कियों की रेस में काजल, कनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वह 200 मी लड़कियों की रेस में प्रियांशी, जानवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप में लड़कों में शुभम, हर्षित ने प्रथम व लड़कियों में विद्या, रुबि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मी लड़को में समीर ने प्रथम। कबड्डी में भानु प्रताप की टीम विजय रही व जूनियर विंग में लखन की टीम ने विजय प्राप्त की। डिस्कस में रोहित व हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।





**कैथल।** राजौंद के महाराणा प्रताप स्कूल में एथलीट मीट के दौरान विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

### पारा लुढ़कने से कंपकंपी बढ़ी

**कैथल।** शनिवार को कैथल मे पूरा दिन शीत हवाओं का दौर जारी रहा। सुबह के समय कोहरा रहा व दिनभर ठंडी हवाएं चलती रही। दिनभर सूर्य देवता ने दर्शन नहीं दिए। लोग ठंडक से बचाव के लिए बुजुर्ग अपने घरों में रजाई दुबके रहे। वहीं कामकाज पर जाने वाले लोग भी गर्म कपड़ों में लिपटे हुए दिखाई दिए। धूप ने निकलने से अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। शनिवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस से घटकर 18 डिग्री सेल्सियस रह गया है। वहीं न्यूनतम तापमान स्थिर सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि बीते दो दिनों से कोहरे और आसमान में बादल छाए रहने के चलते सूर्य देवता दर्शन नहीं दे रहे। जिसके चलते तापमान घटता जा रहा है और सर्दी बढ़ती जा रही है।

## प्राइमरी विंग से राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल रोहेड़ा रहा प्रथम

# मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता का परिणाम हुआ घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

खंड राजौंद में मुख्यमंत्री सौंदर्यकरण प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें खंड के 11 स्कूलों ने भाग लिया जिसमें प्राइमरी विंग से दो स्कूल, मिडल विंग से एक, हाई विंग से दो और सीनियर सेकेंडरी विंग से छह स्कूलों ने भाग लिया। विदित हो कि विभागीय नियानुसार यह प्रतियोगिता हर वर्ष करवाई जाती है। यह प्रतियोगिता स्कूल स्तर से शुरू होकर राष्ट्रीय स्तर तक आयोजित की जाती है। बलबीर कश्यप खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड संसाधन संयोजक राजौंद ने बताया कि खंड में प्रथम स्थान पर आने वाले स्कूल को पचास हजार की राशि मिलती है। सर्वप्रथम इसके लिए एसडीएम साहब कैथल की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया। इसमें खंड शिक्षा अधिकारी राजौंद, महिला एवम बाल कल्याण अधिकारी राजौंद और दो स्कूल प्रिंसिपल को शामिल किया गया । इस कार्य में कार्यालय से जेई दिनेश कोशिश और कुलदीप सिंह ने भी साथ दिया। कमेटी ने सभी स्कूलों का मौके पर जाकर विभागीय नियम अनुसार मुआयना किया । खंड स्तरीय मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री सौंदर्य करण प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा। सबसे पहले प्राइमरी विंग से राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल रोहेड़ा ने प्रथम स्थान हासिल किया।



**कैथल।** खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर सिंह कश्यप स्कूलों का निरीक्षण करते हुए

### कंपटीशन आने वाले दिनों में होगा

कंपटीशन आने वाले दिनों में होगा। इसके लिए बलबीर कश्यप खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड संसाधन संयोजक राजौंद ने विभाग के सभी प्रशासनिक अधिकारियों, स्कूल मुखिया,बच्चों अभिभावकों, एसएमसी कमेटी और सभी ग्रामवासियों को बहुत-बहुत हार्दिक बधाई दी। सभी उच्च अधिकारियों का धन्यवाद किया जिनके मार्गदर्शन में हम यह कार्य संपन्न कर पाएं। इस तरह के आयोजनों से स्कूलों के अंदर प्रतिस्पर्धा बढ़ती है। उनमें काफी सुधार देखने को मिलता है। बच्चों और अध्यापकों को भी बहुत अच्छा महसूस होता है। स्कूल कैम्पस में आते ही रूह खिल जाती है। ऐसे लगता है जैसे कि किसी बोर्डिंग स्कूल में आ गए हो। ऐसे परिवेश में बच्चों के टीचिंग लर्निंग प्रोसेस में भी काफी वृद्धि होती है। जिस स्कूल का वातावरण मनमोहन और अच्छा होगा उस स्कूल के बच्चों और अभिभावकों के मन में भी फील गुड जैसी फीलिंग आती है।

# खट्टी मिट्ठी यादों के साथ खत्म हो रहा वर्ष 2023


राज्यमंत्री कमलेश ढांडा राजौंद में दमकल केंद्र का किया उद्घाटन


जनवरी 2023 में कैथल के पिहोवा चौक के निकट जगमगाती तिरंगा लाइटें


गांव करोड़ा में एक दानी सज्जन द्वारा पक्षियों के लिए बनाया गया 9 मंजिला आशियाना


चेयरपर्सन सुरभि गर्ग तिरंगा लाइटों का किया शुभारंभ


गन्ने के रेट में बढ़ोतरी को सड़क पर बैठे किसान


कैथल के बाईपास पर डंपर की चपेट में आने से उड़े ट्रैक्टर के परखच्चे


21 मार्च को कैथल में ओलावृष्टि गेहूं की फसल हो गई बर्बाद


फरवरी 2023 में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का जाट कालेज कैथल में पहुंचने पर स्वागत करते समिति के पदाधिकारी


16 अप्रैल को नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग विदक्यार झील की नौकाविहार का शुभारंभ किया


जुलाई माह में चीका क्षेत्र में आई बाढ़ में बचाव कार्य करती एनडीआरएफ की टीम


जुलाई माह में चीका क्षेत्र में आई बाढ़ के कारण गांव में घुसा पानी


जाट कालेज में आयोजित युवा महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देती छात्राएं


19 जुलाई को गुर्जर चौक को लेकर उठे विवाद में उपद्रवियों को रोकती पुलिस


20 जुलाई को गुर्जर चौक का लोकार्पण करते भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर तथा विधायक लीला राम गुर्जर


नायब सिंह सैनी का प्रदेशाध्यक्ष बनने पर किया स्वागत


यातायात प्रभारी एसआई रमेश कुमार वाहनों पर लगाए रिफलेक्टर


युवा महोत्सव का शुभारंभ करते जाट शिक्षा समिति के प्रशासक तहसीलदार डा. अनिल बिढान तथा जिला परिषद के चेयरमैन दीप मलिक।